**BELIEVERS EASTERN CHURCH**
World Church Headquarters, St Thomas Community
Thiruvalla - 689 103, Kerala, India

# चरवाहे का पत्र

अक्टूबर–नवंबर 2025

**मेरे प्रिय चरवाहों और पवित्र कलीसिया के सभी विश्वासियों,**

पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा एक परमेश्वर के नाम में। आमीन ✠

मैं यह कहकर शुरू करता हूँ कि आपको लिखना कितनी खुशी और सौभाग्य की बात है। ये पत्र,जो मैं आपके आध्यात्मिक पिता के रूप में भेजता हूँ, महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे मुझे यह बाँटने की अनुमति देते हैं कि परमेश्वर ने इस समय हमारे कलीसिया के लिए मेरे हृदय में क्या रखा है। साथ ही, आपको यह याद दिलाने का अवसर भी है कि आप में से प्रत्येक मेरे लिए कितना मूल्यवान है। कलीसिया के बिशपों और पिताओं द्वारा अपनी मण्डली को पत्र लिखने की परंपरा मसीही धर्म के प्रारंभिक शताब्दियों से चली आ रही है। इनमें से कई पत्र आज भी संरक्षित हैं। उनका उपयोग कलीसिया की एकता को मजबूत करने के लिए किया गया था, क्योंकि हम न तो अकेले हैं और न ही स्वतंत्र; हम मसीह की देह के अंग हैं। कलीसिया का अनुसरण करना, मसीह का अनुसरण करना है जो उसका सिर है।

जैसा कि संत साइप्रियन ने कहा:

*''जिसके पास अपनी माता के लिए कलीसिया नहीं है, उसके पास अपने पिता के लिए परमेश्वर नहीं है।''*

<u>चर्च कैलेंडर</u>

एकता का एक महत्वपूर्ण साधन चर्च कैलेंडर है। यह हमारे घमंडी मन को विनम्र करता है और यीशु मसीह को दैनिक जीवन के केंद्र में रखता है। यह समय–दिनों, सप्ताहों और महीनों का–उन्हें आध्यात्मिक क्षेत्र में उठाकर पवित्र करता है। कैलेंडर हमें मसीह के जीवन और उद्धार के इतिहास के माध्यम से मार्गदर्शन करता है और हमें पर्वो, उपवासों और संतों के स्मरणोत्सव का अनुकरण करने में एकजुट करता है, जो हमें पवित्रता की ओर एक साथ ले जाता है।

जैसा कि संत बेसिल महान हमें याद दिलाते हैं:

*''कलीसिया उपवासों और पर्वो को हम पर बोझ डालने के लिए नहीं, बल्कि हमारी आत्माओं को प्रशिक्षित करने और हमारे हृदयों को परमेश्वर की ओर निर्देशित रखने के लिए करती है।''*

संत जॉन क्राइसोस्टोम हमें आगे प्रोत्साहित करते हैं:

*''आइए हम कलीसिया द्वारा नियुक्त पर्वों की उपेक्षा न करें, क्योंकि इन्हीं के माधयम से हमें आत्मिक शिक्षा और पोषण प्राप्त होता है।''*

इसलिए, मेरे प्रिय जनों, मैं आपसे आग्रह करता हूँ कि आप परमेश्वर-केंद्रित जीवन जीने के लिए चर्च कैलेंडर को अपनाएँ।

नया लिटर्जिकल वर्ष

बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च 2 नवंबर 2025 को एक नया लिटर्जिकल वर्ष में प्रवेश करने की तैयारी कर रहा है। नया लिटर्जिकल वर्ष के लिए चर्च कैलेंडर और लेक्शनरी आपकी व्यक्तिगत प्रति प्राप्त करने हेतु उपलब्ध कराई जाएगी।

विश्वासियों के लिए निर्देश

- इसके लिए पूछें: अपने स्थानीय कलीसिया के याजक से एक प्रति का अनुरोध करें। सुनिश्चित करें कि आपके परिवार के पास कम से कम एक है, और इसे अपने घर में एक प्रमुख स्थान पर लटका दें जहां हर कोई इसे देख सके।
- इसे पढ़ें: अपने परिवार के साथ कैलेंडर देखें। ईस्टर, महान लेन्ट और अन्य महत्वपूर्ण समयों जैसे पर्वों और उपवासों की तारीखों पर धयान दें, ताकि आप उन्हें ठीक से देख सकें।
- इसके साथ योजना बनाएं: महान लेन्ट हमारे कलीसिया में एक महत्वपूर्ण समय है। सभी स्थानीय कलीसिया प्रार्थनाओं और सेवाओं में भाग लेने को प्राथमिकता दें। उपवास के नियम का पालन करें- मांस से बचें, फोन के उपयोग या पैसे और समय के अनावश्यक खर्च को सीमित करें, और जो आप बचाते हैं उसका उपयोग दयादान के लिए करें। आध्यात्मिक विकास के इन 40 दिनों पर पूरा ध्यान देने के लिए अन्य प्रतिबद्धताओं की व्यवस्था करें। उन क्षेत्रों के लिए अपने स्थानीय कलीसिया के याजक से मार्गदर्शन लें जिन्हें सहायता की आवश्यकता है।
- इसे आगे बढ़ाएं: अपने बच्चों को चर्च कैलेंडर का पालन करने का महत्व सिखाएं। यहाँ तक कि अगर वे पढ़ाई या काम कर रहे हैं, तो उन्हें इसका पालन करने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चे हमें देखकर सीखते हैं, इसलिए माता-पिता और बड़ों को उदाहरण के साथ नेतृत्व करना चाहिए। जीवन के इस तरीके को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना एक जिम्मेदारी है जो परमेश्वर ने हमें दी है।

याजकों के लिए निर्देश

- चरवाहा बनें: चर्च कैलेंडर का पालन करने में अपने स्थानीय कलीसिया का प्रेमपूर्वक मार्गदर्शन करें। उदाहरण के द्वारा नेतृत्व करें, क्योंकि आपके कलीसिया के सदस्य आपको जो करते हुए देखते हैं वह उसका पालन करेंगे।

- कैलेंडर का सख्ती से पालन करें: सुविधा या किसी अन्य कारण से किसी भी पर्व, उपवास या स्मरणोत्सव को न छोड़ें या उपेक्षा न करें। कलीसिया मुख्यालय द्वारा प्रदान किए गए कैलेंडर और लिटर्जी का पूर्ण रूप से पालन करें, जिसमें पवित्र सिनॅड द्वारा निर्देशित प्रत्येक चर्च कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक निर्देश शामिल हैं।

- **सीखने के लिए उत्सुक रहें:** यदि कुछ ऐसा है जो आप नहीं जानते हैं, तो विनम्रतापूर्वक अपने डॉयोसिस के बिशप और या डॉयोसेसन विकार से मार्गदर्शन लें। जो आप पहले से जानते हैं उससे कभी संतुष्ट न हों; हमेशा अधिक जानने की कोशिश करें।

- **लेक्शनरी का उपयोग करें:** लेक्शनरी प्रार्थना के साथ सावधानीपूर्वक तैयार की गई है। इसके पाठ और विषय मसीह की ओर इंगित करते हैं और विश्वासियों को पवित्र कलीसिया के विश्वास और परंपरा में बढ़ने में सहायता करते हैं। इसका निष्ठापूर्वक पालन करें।

मेरे प्रियों, यीशु ने अपनी महायाजकीय प्रार्थना में कहा, *''हे प्रभु, उन्हें सत्य के द्वारा पवित्र कर; तेरा वचन सत्य है''* (यूहन्ना 17:17-19) – और इस संसार में हमारा लक्ष्य यही है: पश्चाताप के मार्ग पर दृढ़ रहना, सिद्ध बनना, और परमेश्वर के समान बनना। इस संसार के प्रलोभन और उसकी आदतें हमारी अपेक्षा से कहीं अधिक शक्तिशाली हैं, और बिना किसी चेतावनी के वे हमें परमेश्वर और उसकी पवित्र कलीसिया से दूर खींच सकती हैं। इसी कारण प्रेरित पौलुस हमें चेतावनी देते हैं: *''इस संसार के सदृश न बनो।''* (रोमियों 12:2)। हम यह अपने बल पर नहीं कर सकते; हमें सहायता की आवश्यकता है। कलीसिया के पिताओं ने यह सहायता प्रदान करने के जिन मार्गों में से एक को चुना, वह है चर्च कैलेंडर – एक ऐसा मार्गदर्शक जो हमारी दृष्टि को आनेवाले परमेश्वर के राज्य पर दृढ़ता से लगाए रखता है।

✠ पवित्र त्रिएक–पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा–आपके हृदय और मन को प्रकाशमान करे, आपकी दृष्टि खोले ताकि आप परमेश्वर के ज्ञान में वृद्धि कर सकें, और पवित्र थियोटोकोस और सभी संतों की मध्यस्थता के द्वारा, हमें यह अनुग्रह प्राप्त हो कि प्राचीन काल से पवित्र कलीसिया द्वारा स्थापित जीवन-पद्धति के अनुसार जीने में सक्षम हो सके, अब और सर्वदा। ✠ आमीन।

मसीह में आपका आत्मिक पिता,

**मोरान मोर सैमुअल थियोफिलस मेट्रोपॉलिटन**

**तिथि :** 2 अक्टूबर 2025
**स्थान :** विश्व चर्च मुख्यालय

---

**निर्देश:** कृपया यह सुनिश्चित करें कि यह सभी क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवादित है और विश्वासियों के प्रोत्साहन के लिए सभी स्थानीय कलीसियाओं में पढ़ा जाए।